हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

दरियादिली

मेगा स्टार अमिताभ बच्चन ने बिहार के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए 51 लाख रुपये का चेक भेजा है। पेज 17

गुरुवार, 10 अक्तूबर 2019, लखनऊ, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, नगर संस्करण www.livehindustan.com वर्ष 24, अंक 235, 22 पेज + 4 पेज लाइव, मूल्य ₹ 4.00, आश्विन शुक्ल पक्ष द्वादशी, विक्रम सम्वत् 2076

गुरुवार, 10 अक्तूबर 2019



1. मां को भक्तों ने भावुक विदाई दी
2. झूलेलाल घाट पर बने कृत्रिम कुंड में श्रद्धालुओं ने मां की प्रतिमा विसर्जित की

पहली बार नदी की जगह कृत्रिम कुंडों में हुआ मूर्ति विसर्जन, भक्तों ने की मंगलकामना

गोमती बचाने का संदेश दे विदा हुई मां

पर्यावरणविद् बोले

वरिष्ठ पर्यावरण वैज्ञानिक प्रो. भरत राज सिंह ने कहा कि मुर्तियों के विसर्जन से प्रदूषण बढ़ जाता था। बायोगैस बनती थी। इसका असर नदी में रहने वाले जीवों पर पड़ता है। आईआईटीआर के निदेशक प्रो. आलोक धवन ने कहा कि मूर्तियों के रासायनिक रंग जीव जंतुओं के लिए बहुत घातक थे। सीडीआरआई के पूर्व वैज्ञानिक डा. प्रदीप श्रीवास्तव ने कहा कि अच्छी पहल है और लोगों का समर्थन भी सराहनीय है।

कुंड में विसर्जन से हादसे से बचाव हुआ

एडीएम विश्वभूषण मिश्रा के अनुसार कुंड में विसर्जन की वजह से दुर्घटना नहीं होने पाई। यह बड़ी उपलब्धि है। हर साल दुर्घटना हो रही थी जिसमें किसी की जान जा रही थी।